ज्ञानवर्धिनी संस्था
सोनुभाऊ बसवंत कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, शहापुर
हिंदी विभाग

महात्मा गांधी की 157वीं जयंती के निमित्त
'महात्मा गांधी: जीवन एवं योगदान' ऑनलाइन प्रश्नमंजुषा प्रतियोगिता प्रतिवेदन

गुरुवार, दिनांक 01/10/2026 को महाविद्यालय के अंतर्गत गुणवत्ता निर्धारण प्रकोष्ठ (IQAC), हिंदी विभाग, इतिहास विभाग तथा ग्रंथालय विभाग के संयुक्त तत्वावधान में महात्मा गांधी की 157वीं जयंती के निमित्त 'Mahatma Gandhi: The Life & Contribution' ऑनलाइन प्रश्नमंजुषा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

विद्यार्थियों को महात्मा गांधीजी के विचारों, जीवन परिचय तथा उन्होंने देश के स्वतंत्रता संग्राम में दिए गए अमूल्य योगदान की जानकारी हो, साथ ही उनके सत्य एवं अहिंसा के मूल्यों से परिचित होकर विद्यार्थियों को उनसे प्रेरणा मिले, इस उद्देश्य से इस ऑनलाइन प्रश्नमंजुषा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।

उक्त प्रतियोगिता में कुल 118 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस ऑनलाइन प्रश्नमंजुषा प्रतियोगिता में प्राप्त अंकों के आधार पर निम्नलिखित विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की।

1. आनंद एकनाथ ठाकरे– M.A. – 100% – प्रथम क्रमांक

2. करुणा जानू गांगड – T.Y.B.A. – 93% – द्वितीय क्रमांक

3. कृतिका रमेश शिंगे – T.Y.B.A. – 87% – तृतीय क्रमांक

इस सुंदर ऑनलाइन प्रश्नमंजुषा प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. एल. गायकवाड, उपप्राचार्य एवं इतिहास विभाग प्रमुख डॉ. जी. जी. सोनवणे, IQAC समन्वयक प्रा. डॉ. एस. वाघमोडे, संयोजक डॉ. एस. एन. परटोले, इतिहास विभाग के सहायक प्राध्यापक प्रा. एस. आर. भोये, प्रा. पी. डी. ठाकरे तथा हिंदी विभाग की सहायक प्राध्यापिका प्रा. साधना माळी एवं प्रा. राजेश बांगेरे ने विशेष मेहनत की।